भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2513

(दिनांक 24.03.2022 को उत्तर के लिए)

नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी

2513. श्रीमती छाया वर्मा :
श्री विशम्भर प्रसाद निषाद :
चौधरी सुखराम सिंह यादव :
श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरवरी, 2020 बजट में यह घोषणा की गई थी कि सरकारी क्षेत्र में नई भर्तियां नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी (एनआरए) करेगी;
(ख) इस एजेंसी द्वारा अब तक किन-किन स्तरों की भर्तियां कराई गई हैं; और
(ग) इस एजेंसी के कार्यालयों और अधिकारियों की तैनाती का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग): वर्ष 2020-21 के बजट में एक घोषणा की गई थी कि अराजपत्रित पदों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर-आधारित ऑनलाइन सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के आयोजन के लिए एक स्वतंत्र, पेशेवर और विशिष्ट संगठन के रूप में राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को स्थापित किया जाएगा।

यह परिकल्पना की गई है कि सीईटी केंद्र सरकार में पदों की कुछ श्रेणियों के लिए उम्मीदवारों की जांच/उन्हें शॉर्टलिस्ट करेगा, जिनके लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) के माध्यम से भर्ती की जाती है। सीईटी प्राप्तांक के स्तर पर की गई जांच (स्क्रीनिंग) के आधार पर, भर्ती के लिए अंतिम चयन संबंधित भर्ती एजेंसियों द्वारा संचालित किए जाने वाले अलग-अलग विशेषीकृत परीक्षणों/परीक्षाओं के माध्यम से किया जाएगा।

अन्य बातों के साथ-साथ सीईटी के लिए सामान्य पाठ्यक्रम और स्कीम की सिफारिश करने के लिए एनआरए द्वारा एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

एनआरए में तैनात अधिकारियों/पदधारियों में अध्यक्ष, सचिव-सह-परीक्षा नियंत्रक, निदेशक और उप सचिव आदि शामिल हैं।

****